त्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह सम्पन्न</u>

लखनऊः 29 जनवरी, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज पुलिस लाईन, लखनऊ में आयोजित गणतंत्र दिवस परिसमाप्ति समारोह (बीटिंग दि रिट्रीट) में शामिल हुए। परिसमाप्ति समारोह के बाद राष्ट्रीय ध्वज को उतारकर पुलिस महानिदेशक श्री ओ0पी0 सिंह ने राज्यपाल को सौंपा। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री राजीव कुमार, राजस्व परिषद के अध्यक्ष श्री प्रवीर कुमार, लखनऊ के जिलाधिकारी श्री कौशल राज शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण उपस्थित थे।

राज्यपाल ने इस अवसर पर गणतंत्र दिवस परेड में सेना द्वारा उत्कृष्ट मार्च पास्ट के लिए प्रथम पुरस्कार 8 कुमाऊँ रेजीमेंट तथा द्वितीय पुरस्कार 2/11 गोरखा राइफल्स को दिया। अर्द्धसैनिक बल में उत्कृष्ट मार्च पास्ट के लिये सशस्त्र सीमा बल को प्रथम और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को द्वितीय पुरस्कार दिया गया। पुलिस मार्च पास्ट के लिये प्रथम पुरस्कार 10वीं, 42वीं व 36वीं बटालियन पी0ए0सी0 को, द्वितीय पुरस्कार यू0पी0 होमगार्ड तथा तृतीय पुरस्कार 9वीं, 35वीं व 37वीं पी0ए0सी0 बटालियन को दिया गया। परेड में शामिल स्कूली बच्चों के मार्च पास्ट में एन0सी0सी0 बालिका को प्रथम पुरस्कार, एन0सी0सी0 बालक को द्वितीय तथा यू0पी0 सैनिक स्कूल बालक, सेन्ट जोजफ इण्टर कालेज बालिका एवं सिटी मान्टेसरी स्कूल गोमतीनगर बालिका टुकड़ी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

इसी प्रकार झाँकियों में प्रथम स्थान उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को दिया गया। द्वितीय स्थान उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड एवं उत्तर प्रदेश उद्यान एवं खाद्य प्रसंकरण को तथा तृतीय स्थान लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग को दिया गया। समारोह में विभिन्न विद्यालयों को भी सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

समारोह में 35 पी0ए0सी0 एवं मिलिट्री के बैण्ड, पाइप्स एवं ड्रम्स बैण्ड द्वारा तेज चाल, धीमी चाल तथा 'सारे जहाँ से अच्छा', 'माँ तुझे सलाम', 'वंदे मातरम' आदि जैसे देशभक्ति के गीतों के माध्यम से मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। कार्यक्रम में डोगरा रेजीमेन्टल सेन्टर, ए0एम0सी0 सेन्टर, 16 आसाम रेजीमेन्ट, 11 गोरखा रेजीमेन्ट, 1 सिखलाई तथा 35 पी0ए0सी0 ब्रास बैण्ड ने भाग लिया।

अंजुम/ललित/राजभवन (40/40)